मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-423
05/09/2025

# मुख्यमंत्री ने पटना जिला के पुनपुन में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 1159 करोड़ 84 लाख रुपये लागत की 17 योजनाओं का किया शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण

➢ पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ किया संवाद।

पटना 05 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के पुनपुन में आयोजित कार्यक्रम स्थल से पटना जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 1159 करोड़ 84 लाख रुपये लागत की 17 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण किया। इसके अंतर्गत 19.77 करोड़ रुपये की लागत से पालीगंज प्रखंड अंतर्गत समदा एवं गुलरिया विगहा गांव के बीच पुनपुन नदी पर आर0सी0सी0 पुल एवं पहुँच पथ का निर्माण कार्य, 14 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से पालीगंज के उलार सूर्य मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास कार्य, 88 लाख रुपये की लागत से पुनपुन स्टेशन से अकौना ग्राम होते हुए पटना रिंग रोड को जोड़नेवाली सहायक रोड तक पथ निर्माण कार्य, 41.48 करोड़ रुपये की लागत से सादिकपुर–पभेड़ा–मसौढ़ी पथ के सोहगी मोड़ को पटना–गया रोड के कंडाप को 2–लेन सड़क से जोड़ने के कार्य, 82.99 करोड की लागत से पुनपुन पिण्डदान स्थल पर निर्मित लक्ष्मण झूला केबल सस्पेंशन पुल का निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री ने लक्ष्मण केबल सस्पेंशन पुल का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पुल का निरीक्षण किया, इस दौरान वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। आज के कार्यक्रम के अन्तर्गत 130 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से 9 विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, 80 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से 17 नये 33 के०वी० के लाईनों का निर्माण, 10 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से 8 विद्युत शक्ति उपकेन्द्रों में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता विस्तार का कार्य, 26 करोड 2 लाख रुपये की लागत से 20 नये 33 के०वी० लाईनों के रिकन्डक्टरिंग के कार्य, 70 करोड 31 लाख रुपये की लागत से 21 नये 33 के०वी० लाईनों का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 22 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से 18 विद्युत शक्ति उपकेन्द्रों में पावर ट्रांसफार्मर के क्षमता विस्तार, 301 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से 400/220/132 के०वी० जी0आई0एस0 ग्रिड उपकेन्द्र, बख्तियारपुर एवं संबद्ध संचरण लाईन का निर्माण, 58 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से 132/33 के०वी० जी0आई0एस0 ग्रिड उपकेन्द्र, बोर्ड कॉलोनी, (पटना) का निर्माण, 15 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से 132 के०वी० फतुहा–जक्कनपुर संचरण लाईन का एच0टी0एल0एस0 द्वारा रिकन्डक्टरिंग के कार्य का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण किया। इसके अलावा 256 करोड़ 06 लाख रुपये की लागत की 400 के०वी० बक्सर थर्मल पावर प्लांट नौबतपुर (बी०जी०सी०एल०) डबल सर्किट संचरण लाईन का निर्माण, 14 करोड़ 63

लाख रुपये की लागत से ग्रिड उपकेन्द्र हाथीदह (न्यू) में 220 के0वी0 के 2 जी०आई०एस० लाईन 'बे' का निर्माण और 13 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से 220/132/33 के०वी० ग्रिड उपकेन्द्र खगौल का जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण कार्य शामिल है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पुनपुन स्थित कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया गया है। इससे सभी लोग खुश हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री करने से उनलोगों को बहुत फायदा हो रहा है। वे लोग बचत राशि का उपयोग अन्य विकास कार्यों में कर रहे हैं। जीविका दीदियों ने महिलाओं के उत्थान की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जीविका दीदियों ने प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। जीविका दीदियों ने कहा कि मात्र 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक से लोन मिल रहा है इसके लिए हम सब मुख्यमंत्री भैया को बहुत–बहुत धन्यवाद देते है। इस दौरान ममता बहनों ने प्रोत्साहन राशि में दो गुना बढ़ोतरी किये जाने पर तथा आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि 3 गुना वृद्धि किये जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। जनवितरण प्रणाली के डीलरों ने छुट्टी एवं बचत को लेकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी बुलंदी के साथ रहिए और आगे बढ़िए। सरकार आपलोगों की हरसंभव मदद करेगी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने दुल्हिन बाजार प्रखंड के लाला भदसरा गांव में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर पुस्तकालय का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पुस्तकालय के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया तथा वहां अध्ययन कर रहे बच्चों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्द्धन किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पालीगंज प्रखंड के सिकरिया ग्राम में भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने सिकरिया ग्राम में बने पुस्तकालय का भी फीता काटकर उद्घाटन किया और वहां पढ़ रहे बच्चों से बातचीत कर अध्ययन और दिनचर्या के बारे में पूछा।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विधान पार्षद श्री रवींद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, पूर्व विधायक श्री जयवर्धन यादव, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य श्री नंदकिशोर कुशवाहा, बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप आर0 पुडकलकट्टी, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के चेयरमैन श्री शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0 एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, बड़ी संख्या में लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

*******